# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–113/2024*

## राज्यपाल ने रामोजी ग्रुप के चेयरमैन और ई०टीवी० नेटवर्क के प्रमुख रामोजी राव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना, 08 जून, 2024** :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने रामोजी ग्रुप के चेयरमैन और ई०टीवी० नेटवर्क के प्रमुख रामोजी राव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि श्री रामोजी राव का निधन अत्यन्त दुःखद है। पत्रकारिता और फिल्म जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए देश उन्हें सदैव याद रखेगा। उनके निधन से पत्रकारिता एवं फिल्म जगत के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिरशांति तथा शोक संतप्त उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को धैर्य, साहस एवं संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

..................................